अपनी बात

अनिल कुमार नाहर, 9109999906
270, जवाहर मार्ग, इन्दौर452002

एबी रोड जर्जर गड्डों से पूर्ण

एबी रोड पर राजीव गांधी चौराहे से लेकर देवास नाका तक पूरी रोड दोनो ओर जर्जर गड्ढो से पूर्ण लावारिस हो रही है। शहर की जनता छोटे-बड़े वाहन गंभीर एवं भयंकर हालात में भूल हुआ प्रदूषण आदि से बेहद परेशान हो रहे हैं। लंबा, वहा ब्रिज बनने में काफी समय लगेगा और धीमी गति से रुक-रुक का काम हो रहा है। सारा यातायात खतरे में धीमी गति से आवागमन हो रहा है।

स्कीम नं. 78, निरंजनपुर, सत्यसाई चौराहा की हालात बदतर और खतरे में है। इन्दौर विकास प्राधिकरण नगर निगम, जिला प्रशासन लापरवाहिया बरत रहे है। जो जनहित में खतरे और समस्त परेशानियों से बेहद दुखी है। शासन प्रशासन ध्यान नहीं दे पा रहा है।

एबी. रोड शहर की शान है वहां बड़ी-बड़ी मल्टिया, शोरूम, माल, मैरिज गार्डन आदि बेहद तकलीप पा रहे है दिवाली का पर्व सिर पर है किसी को भी चिन्ता फिक्र नहीं है। आज इन्दौर देश के बड़े-बड़े महानगर मुम्बई-दिल्ली के मुकाबले में चल रहा है। व्यक्साईयो का धंधा चौपट होता जा रहा है।

आज इन्दौर शहर मालामाल की स्थिति में करोड़ों, अरबों, खरबों रू. की व्यवसायिक सपत्तियां है। जिनसे व्यवसाइयों से भारी भरकम टैक्स मिलता है।

एबी, रोड़ शहर का सबसे प्रमुख व्यवसायी स्थल है। दिवाली की रोशनी से शहर नहा रहा है और मौके का लाभ जैसा मिलना चाहिए वैसा नहीं मिल रहा है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इन्दौर शहर से प्रभारी है। उनके होते हुए भी काम गति नहीं पकड़ रहे है। प्रदेश में 2 केबिनेट मंत्री है जो इन्दौर शहर के ही है जिन्हें गंभ प्रशासन और आवास मंत्रालय मिला हुआ है उनके अंडर में बहुत कुछ प्रभार है। उन्हें भी ज्ञात नहीं है कि कहां क्या हो रहा है। यह उनकी मारल ड्यूटी बनती है।

दूसरे इसी शहर के केबिनेट मंत्री जलसंसाधन मंत्री है शहर में बायपास इलाहिया, निपानिया आदि ग्रामीण इलाका आता है और प्रमुख प्रमुख बड़े-बड़े निजी स्कूल रोहें भी गड्ढों से परिपूर्ण है। जिसमे छोटे-छोटे बच्चें बसो से स्कूल जाते आते है।

उपरोक्त सारी अति उपयोगी समस्याएं हल करे जिससे जनता, बच्चों को राहत मिल सके। क्षेत्रो का विस्तार करना अतिसरल है उसे नियंत्रण करना महामुश्किल दायक है।

लोकल स्पोर्ट्स

क्रिस्टीना स्कूल की दिशा राठौर कराते में विजय ट्रॉफी के लिए चयनित



इन्दौर। कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन एवं शी गो शो वा काई कराते संघ (मध्यप्रदेश) के तत्वाधान में पन्ना के रखींद्र नगर में आयोजित की जाने वाली विजय ट्रॉफी के लिए क्रिस्टीना स्कूल की सातवीं कक्षा की छात्रा दिशा राठौर का चयन एलेट स्पोर्ट्स के बैनर तले इंदौर जिला शी गो शो वा काई संघ की सर्वसम्मति से किया गया है। जिसमे मद्दू ब्लॉक से एवं इंदौर जिले से 12 खिलाड़ी इंदौर का प्रतिनिधित्व करेंगे। दिशा ने हाल ही में कन्याकुमारी में आयोजित हुई एस बी आई राष्ट्रीय स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया है। वे जल्द ही खेल युवा कल्याण विभाग के फेसिंग स्पर्धा एवं कराते में अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में खेलते दिखेंगी। इनके कोच अमय लश्करी एवं ट्रेनर रोहित कौशल है। उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य वैशाली बकरीं ने बधाई दी।

सरताज अकादमी में दीपावली मनाई



इंदौर। सरताज अकादमी में हर साल की परम्परानुसार दीपावली मनाई गई, बैडमिंटन खिलाड़ियों ने नारायण बाग बाल विकास के द में आतिशबाजी की, सरताज अकादमी प्रबंध निदेशक और प्रशिक्षक धर्मेश यशलहा ने बताया कि 5 दिवसीय दीपोत्सव दीपावली पर्व होने से परिजनों द्वारा बच्चों को अधिकतर भेजा नहीं जाता हैं, फिर भी जो खिलाड़ी बच्चें आते हैं, उन्हीं के साथ हम हर साल दीपावली के दूसरे दिन सरताज अकादमी में दीपावली उल्हास और उमंग के साथ मनाते हैं, रह परम्परा निरंतर जारी हैं

तृतीय मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय रैंकिंग टेनिस टूर्नामेन्ट 16 नवम्बर से इंदौर टेनिस क्लब में

इन्दौर। मध्य प्रदेश टेनिस संघ के तत्वाधान में इंदौर टेनिस क्लब के द्वारा तृतीय मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय रैंकिंग टेनिस टूर्नामेन्ट का आयोजन 16 नवम्बर 2026 से किया जाएगा।

मध्य प्रदेश टेनिस संघ के सचिव श्री अनिल धूपर ने बताया कि इस राज्य स्तरीय रैंकिंग टेनिस टूर्नामेन्ट के क्वालीफांइग राउण्ड 13 नवम्बर से 15 नवम्बर 2026 को खेले जाएंगे तथा मुख्य दौर 16 नवम्बर से 21 नवम्बर तक आयोजित किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय रैंकिंग टूर्नामेन्ट में प्रदेश भर से लगभग 300 खिलाड़ीगण भाग लेंगे। इस राज्य स्तरीय रैंकिंग टेनिस टूर्नामेन्ट में बालक वर्ग-12 वर्ष आयु, 14 वर्ष आयु, 18 वर्ष आयु बालिका वर्ग-12 वर्ष आयु, 14 वर्ष आयु, महिला एकल तथा पुरूष एकल व युगल वर्ग रखे गए हैं।

लिटिल लीग नेशनल चैंपियनशिप 2026-27

इंदौर एकेडमी ने दिल्ली में लहराया परचम

दिल्ली/इंदौर। मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए इंदौर बेसबॉल एकेडमी की टीम ने दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित लिटिल लीग नेशनल चैंपियनशिप 2026-27 का खिताब जीतकर नया इतिहास रच दिया है। देशभर से आई 21 टीमों के बीच कड़े मुकाबले में इंदौर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की।



बनी राष्ट्रीय चैंपियन

इस टूर्नामेंट का आयोजन लिटिल लीग कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया गया था, जो बेसबॉल और सॉफ्टबॉल की आधिकारिक वैश्विक संस्था लिटिल लीग इंटरनेशनल बेसबॉल एंड सॉफ्टबॉल से मान्यता प्राप्त है।

उल्लेखनीय है कि बेसबॉल, जिसे वैश्विक स्तर पर अमेरिका का राष्ट्रीय खेल माना जाता है, और सॉफ्टबॉल दोनों ही ओलंपिक तथा एशियाई खेलों (ह्वाङ्झुउ लड्डूदड्डा) में आधिकारिक तौर पर शामिल हैं। भारत में भी इन दोनों खेलों की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है और इन्हें स्कूल नेशनल गेम्स व अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं (पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों) में प्रमुखता से खेला जा रहा है।

विभिन्न आयु वर्गों में इंदौर के होनहार खिलाड़ियों का दबदबा

इंदौर की टीम ने तीन अलग-अलग आयु वर्गों में अपने प्रतिभावान खिलाड़ियों के दम पर यह स्वर्णिम सफलता हासिल की-

अंडर-9 वर्ग (-9)- मोहम्मद शोएब, व्योम ढाका, लौकिक अग्रवाल, विवांश नामदेव, सारांश पाटीदार, रेयांश रासनकर, यशार्थ श्रीनेत, वेदिका गुप्ता, देवांशी शेरावत और अयांश ओझा।

अंडर-12 वर्ग (-12)- जेकिया राजवानिया, स्वर्ण मुरमकर, लविश जरिया, सयद मॉडल, कृपांश वर्मा, जानवी दया, प्रियांशी बारगल, गौरव कुमार मेहर, एस.एल. कार्तिक बड़गोटी हिमांश तिवारी, अक्षत राठौर और शुभान शेख।

अंडर-14 वर्ग (-14)- लव पगारे, दिव्यांश खाखरिया, वंश यादव, प्रथम चौहान, प्रतीक चौहान, समीक्षा उपाध्याय, प्रियांशी पाटीदार, राजश्री परमार, निहारिका यादव, प्रीति रूपचंदानी और अंश चौहान।

मार्गदर्शक व कोच- टीम को यह ऐतिहासिक सफलता दिलाने में मुख्य कोच जितेन्द्र सिंदे, प्रभा त्रिपाठी और विनीता तिवारी का सराहनीय मार्गदर्शन रहा।

अब एशिया-पैसिफिक और लिटिल लीग वर्ल्ड सीरीज पर नजरें

इस शानदार राष्ट्रीय विजय के साथ ही इंदौर की टीम ने एशिया-पैसिफिक एवं मिडिल ईस्ट लिटिल लीग रीजनल टूर्नामेंट में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया है। क्षेत्रीय स्तर की विजेता टीम सीधे लिटिल लीग इंटरनेशनल द्वारा प्रायोजित विश्व प्रसिद्ध लिटिल लीग वर्ल्ड सीरीज में खेलने की हकदार बनाती है।

इंदौर एकेडमी के प्रबंधन, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने सभी बाल खिलाड़ियों को उनकी लगन, उत्कृष्ट प्रदर्शन और इस भव्य राष्ट्रीय उपलब्धि के लिए हेमंत कुमार, मनोज गिरी, रजनीश त्रिपाठी, राज सिंह एवं गौरव जोशी, तिथि रामटेके ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

डॉ. अजीत कासलीवाल मेमोरियल ऑल इंडिया ओपन FIDE रेटिंग इनामी

शतरंज स्पर्धा मे 300 खिलाड़ी भाग लेंगे

इंदौर, खेल विभाग ! ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित एकदिवसीय डॉ. अजीत कासलीवाल मेमोरियल ऑल इंडिया ओपन FIDE रेटिंग इनामी शतरंज स्पर्धा का आयोजन 15 नवंबर (रविवार) 2026 को इंदौर पब्लिक स्कूल, मैन कैम्पस राऊ , इंदौर में किया जा रहा है।

आयोजन सचिव अनिल फतेहचंदानी एवं पीयूष जमींदार ने जानकारी दी कि स्पर्धा के विजेताओं को 1,50,000 नगद राशि, ट्रॉफी एवं मेडल से सम्मानित किया जाएगा। इस स्पर्धा में गुजरात,महाराष्ट्र, बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान,उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित 300 खिलाड़ी 150 टेबलों पर अपना शतरंज खेल का मैच खेलेंगे। इस प्रतियोगिता में अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, सीनियर एवं वेटरन (55 वर्ष से अधिक) वर्गों में पुरस्कार दिए जाएंगे।

स्पर्धा संचालक डॉ. सुनील सोमानी एवं शैलेन्द्र पाबले ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्विस लीग पद्धति से 9 चक्रों में खेली जाएगी।शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी इंटरनेशनल मास्टर= आईएम हिमाल गुसेन- रेटिंग 2251, भारतीय रेलवे (रतलाम में पदस्थ, मूल निवासी- चंडीगढ़) सबसे युवा खिलाड़ी कियांश आनंदानी - 5 वर्षीय ,जन्म- 2021, इंदौर सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी 71 वर्षीय लक्ष्मी नारायण राठौड़ - जन्म- 1955, इंदौर इस स्पर्धा में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे।

मनीष बाग अग्रवाल नगर में मातृशक्ति ने की मनोहारी रंगोली से मेहमानों की अगवानी

इन्दौर। मनीष बाग, अग्रवाल नगर में दीपोत्सव के उपलक्ष्य में समाज की मातृशक्ति ने अपनी सुंदर कलाकृतियाँ बनाकर दीपावली मिलन के लिए आने वाले समाज बंधुओं का अनूठे अंदाज में स्वागत किया। अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष गोविन्द सिंघल ने बताया कि मनीष बाग क्षेत्र के मकानों के सामने श्रीमती संतोष सिंघल, श्रीमती अंजलि सिंघल, पिंकी-रवि अग्रवाल, उर्मिला गोयल, राधा अग्रवाल, सुरभि गोयल सहित महिलाओं के समूह ने दीपावली की शुभकामनाओं के रूप में भगवान कृष्ण, मयूर और मोर पंख की रंगोली सजाकर मेहमानों की अगवानी कर उन्हें दीपपर्व की बधाई एवं शुभकामनाएँ समर्पित की। रंगोली की सुंदर रचनाएं निहारने के लिए महालक्ष्मी पूजन के पश्चात बड़ी संख्या में क्षेत्र के रहवासी बाहर निकले और देर तक इन कलाकृतियों का आनंद लिया।



इन्दौर के मराठी समाज में लाखों रुपये के किराये की राशि निजी खाते में जमा कराने का मामला ; शिकायतकर्ता ने उठाए गंभीर सवाल

प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत के बाद झुका ICAI!

इन्दौर। क्या देश की सर्वोच्च संवैधानिक व्यवस्था में हिन्दी को सम्मान दिलाने के लिए भी प्रधानमंत्री कार्यालय का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा?

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टेड अकाउंटेंट (ICAI), नई दिल्ली से जुड़ा एक प्रकरण यही सवाल खड़ा कर रहा है।

मामला इन्दौर की मराठी समाज संस्था (माई मंगेशकर हॉल) के भवन के किराये की लाखों रुपये की राशि से जुड़ा है। संस्था के पूर्व सचिव एवं संस्था के रजिस्टर्ड बायोलॉजं को दरकिनार करके बनाये गये वर्तमान अतिरिक्त उपाध्यक्ष चंद्रकांत पराडकर द्वारा किराये के लाखों रूपये अपने और कर्मचारी मिलिंद पंडित के निजी बैंक खाते में जमा करवाए जाने को लेकर ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष अशोक चितले के अभिमतनुसार अवैध किराएदार आनंद चांदोरकर ने शिकायत की थी।

हिन्दी में शिकायत स्वीकार करने को हुआ तैयार

संस्था के चार्टर्ड अकाउंटेंट संतोष देशमुख ने अपने जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट उल्लेख किया था कि लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार संस्था की राशि किसी व्यक्ति द्वारा अपने निजी खाते में प्राप्त करना अनुचित है। ऐसी राशि सीधे संस्था के बैंक खाते अथवा कैश में जमा होना आवश्यक है।

इतनी स्पष्ट टिप्पणी के बावजूद संबंधित पदाधिकारी को क्लीन चिट दिए जाने पर सवाल खड़े हुए। इसी मामले में शिकायतकर्ता और संस्था के पूर्व पदाधिकारी अनिल कुमार धड़वईवाले ने दस्तावेजी प्रमाणों के साथ भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान, नई दिल्ली को हिन्दी में शिकायत भेजी।

लेकिन हैरानी की बात यह रही कि ICAI ने शिकायत यह कहते हुए वापस कर दी कि शिकायत अंग्रेजी में ही स्वीकार की जाएगी!

क्या हिन्दी में शिकायत करना कोई अपराध है? क्या हिन्दी में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों और तथ्यों का कोई महत्व नहीं?

ICAI के इस रवैये के विरुद्ध शिकायतकर्ता धड़वईवाले ने सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद घटनाक्रम में बदलाव आया और ICAI ने जवाब भेजकर हिन्दी में शिकायत स्वीकार कर उस पर कार्रवाई किए जाने की बात कही।

इस घटनाक्रम ने ICAI की प्रारंभिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर जिस संस्थान से वित्तीय पारदर्शिता, लेखांकन की शुचिता और पेशेवर नैतिकता की अपेक्षा की जाती है, उसे हिन्दी में शिकायत स्वीकार करने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय तक शिकायत पहुंचने की नौबत क्यों आई?

बूंद-बूंद पानी का सदुपयोग करने का लिया संकल्प

इन्दौर। श्री अग्रवाल सांस्कृतिक मंच नंदानगर की मेजबानी में दीपोत्सव की बेला में महाराजा अग्रसेन की आरती, गोवर्धन पूजा के साथ दीपावली मिलन का भव्य समारोह भी आयोजित कर आगामी ग्रीष्मकाल के पहले ही शहर में आसन्न जल संकट के हालात को देखते हुए बूंद-बूंद पानी का सदुपयोग करने का संकल्प लिया।

संस्था के संरक्षक गणेश गोयल, समन्वयक विजय मित्तल, संस्थापक अजय मित्तल, अध्यक्ष सोनू अग्रवाल एवं महामंत्री संजय अग्रवाल सहित संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर एकदूसरे को बधाई एवं शुभकामानाएं देकर भगवान श्रीनाथजी से समाज में सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर सत्यप्रकाश अग्रवाल काका, आधिन गोयल, अरुण गोयल, वीरेन्द्र अग्रवाल, शरद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, विनय गुप्ता, विष्णु अग्रवाल, विनोद अग्रवाल एवं सुरेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम में संस्था परिवार द्वारा 23 नवम्बर को अन्नकूट महोत्सव आयोजित करने और उस दौरान जूठन नहीं छोड़ने का संकल्प लेने का भी निर्णय लिया। सभी सदस्यों ने अन्नकूट महोत्सव को सार्थक और सफल बनाने का निश्चय किया। संचालन अध्यक्ष सोनू अग्रवाल ने किया और आभार माना महामंत्री संजय अग्रवाल ने।



नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम LAVKESH KUMAR YADAV S/O MOTILAL YADAV था। जो कि अब बदलकर LOKESH KUMAR YADAV S/O MOTILAL YADAV हो गया है। अतः भविष्य में अब मुझे LOKESH KUMAR YADAV S/O MOTILAL YADAV के नाम से जाना व पहचाना जावे।

LOKESH KUMAR YADAV
S/O MOTILAL YADAV
ADDRESS,
120, ANJANI NAGAR,
AIRPORT ROAD, INDORE,
MADHYA PRADESH
Pin - 452002

कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक/145/का.से./2026 इन्दौर, दिनांक 04/11/2026

-: विज्ञप्ति :-

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (अनर्हताएँ एवं विलयन) नियम 2014 के अधीन प्राप्त ग्राम - जाजल, तहसील मालवाना, जिला इंदौर में आबादामीन पंचायतीय विकास प्रयोजन हेतु आवासीय विकासीय क्षेत्रों की अनुज्ञा दी जाती है :

अ. क्र.	कालोनाईजर का नाम व पता	संपत्ति खाते के जिले विकास अनुमति पत्रों की वर्ष ही	फोटोट के रूप में भौतिक रखे गये गुणवत्ती का विवरण
1	2	3	4
1	भूमिस्वामी 1 श्री मनीष सोमानी पिता श्री रोशनलाल सोमानी 2. मेसर्स सार्थक विकासक्ष प्रिंसट प्रिंटर्स तर्फे संचालक/अधिकृत पिता भटनागर पुत्र तर्फे विकासकर्ता गोयल सार्थक विकासक्ष प्रिंसट प्रिंटर्स तर्फे भागीदार 1. श्री राघवेन्द्र पिता श्री मदनलाल गुप्ता 2. श्री अविनाश मेहता पिता श्री चंदशिंह मेहता पता:- 12/1 न्यू भवानिबाग, इन्दौर (म.प्र.) कालोनी का नाम "SINGAPORE INDUSTRIAL PARK"	ग्राम जाजल, तहसील मालवाना, जिला-इंदौर स्थित भूमि खसरे नंबर 117/1/1 रकबा 1.140 हे., खसरे नंबर 112/1/2 रकबा 1.140 हे., खसरे नंबर 112/1/3 रकबा 1.139 हे., खसरे नंबर 117/2 रकबा 0.694 हे. कुल रकबा 4.117 हे. भूमि पर।	चंगेकनामा पंजीकरण क्रमांक MP7GR1/512026A10055 9327 दिवीर दिनांक 12.05. 2026 एवं संशोधित बंधकनामा पंजीकरण क्रमांक MP7GR1751 2026A10063622 इन्दौर दिनांक 06.07.2026 से मुखपृष्ठ क्र. 1 से 3, 16, 22 से 26 तक इस प्रकार कुल 09 पृष्ठभाग है जिसका कुल बेजकल्ल 7290.35 वर्गमीटर है, बंधक खसरे गये है।

उपरोक्त कालम संख्या -1 में उल्लेखित 09 भूखंड इस अनुमोदन में भोपाल के रूप में बंधक रखे गये हैं अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखण्डों का क्रय, विक्रय अन्यानी आदेश तक नहीं किया जावेगा।

(कलेक्टर महोदय एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदेशित) **अपर कलेक्टर जिला-इन्दौर**

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, शाइस्ता गौरी, पिता-मोहम्मद हमीद खान, माता- नजमा खातून, उम्र 41 वर्ष, निवासी- N-144, शुभांगन, ओमैक्स सिटी-1, ग्राम बाल्याखेड़ा, इंदौर (म.प्र.) 452016, ने अपना नाम शाइस्ता गौरी से बदलकर शाइस्ता जावेद अख्तर कर लिया है। पुराना नाम और नया नाम, दोनों एक ही व्यक्ति को दर्शाते हैं। अब से, मैं सभी कानूनी कार्यों के लिए इसी नए नाम का उपयोग करूंगी।

In The Court of X Additional District and Session Judge, District Court, Indore

Presiding Officer: यशवंत मालवीय
(प्रकाशन हेतु)
(RCSA/441/2026) पेशी दिनांक 13/11/2026

ईश्वर पटेल वादी V.s राहुल चौधरी व अन्य प्रतिवादीगण

प्रेषिती-1. कौशिक पिता रणजीत सिंह पता- 64. नर्मदा नगर, चाणक्यपुरी इंदौर म.प्र., 2. विजयबाई पति स्व रणजीत सिंह पता- 94, नर्मदा नगर, चाणक्यपुरी इंदौर म.प्र., 3.खण्डेराव पिता यादवराव होल्कर पता- 57, यशवंत रोड जिला इंदौर म.प्र.

यह कि वादी ने आपके विरुद्ध वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में पेशी दिनांक को वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें, यह आज तारीख 05.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(यशवंत मालवीय)
दशम जिला न्यायाधीश इन्दौर (म.प्र)
टिप्पणी- पेपर प्रकाशन के माध्यम से।

जाहिर-सूचना

सर्वसाधारणजन को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पति कमलेश कुमार नेमा पिता स्व. श्री भगवानदान नेमा निवासी- 602, जी-ब्लॉक, लीड्स एन्क्लेव, छोटा बांगडदा, इन्दौर स्थानीय सराफे में सोना-चांदी का व्यापार करते है जो उनका व्यक्तिगत व्यापार है और उसमें मेरी या मेरे बच्चों ऐरिन और अथर्व की कोई सहभागिता नहीं है। मेरे पति अपने व्यापार और उनके व्यक्तिगत लेन-देन के विषय में हमें कोई जानकारी प्रदान नहीं करते हैं और उनका किसी व्यक्ति या संस्था से किसी भी प्रकार का लेन-देन केवल उनकी ही व्यक्तिगत जानकारी का विषय है। मुझे या मेरे बच्चों को मेरे पति के व्यापार या लेन-देन की कोई जानकारी नहीं है। मैं अपना घर भी अपनी ही आय से चलाती हूं तथा मेरे पति के व्यापार से होने वाली आय का कोई उपयोग हमारे द्वारा नहीं किया जाता है। इसके बावजूद कतिपय व्यक्तियों द्वारा मुझे मेरे पति के लेन-देन के संबंध में मेरे घर आकर मुझे और मेरे बच्चों को डराया धमकाया जा रहा है। मेरे पति कमलेश कुमार नेमा के अपने व्यापार-व्यवसाय में या अन्यथा किसी भी व्यक्ति या संस्था से किये गये किसी भी लेन-देन या संव्यवहार के लिये मैं या मेरे दोनों बच्चे ऐरिन और अथर्व उत्तरदायी नहीं है और इसलिए इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण जन को सूचित एवं आगाह किया जाता है कि यदि कोई मेरे पति से किए गए किसी भी लेन-देन को लेकर मुझे या मेरे बच्चों को परेशान करने या डराने-धमकाने का प्रयत्न करेगा तो उसपर मेरे द्वारा कठोर पुलिस कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में मेरे द्वारा एक शपथपत्र भी निष्पादित किया गया है। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन पश्चात् यदि भविष्य में मेरे पति कमलेश कुमार नेमा से किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा कोई भी लेन-देन या संव्यवहार किया जाता है तो ऐसा कोई भी कार्य या लेन-देन या संव्यवहार मुझपर या मेरे बच्चों पर बंधनकारक नहीं होकर ऐसे किसी भी कार्य या लेन-देन या संव्यवहार के लिए मैं या मेरे बच्चे किसी भी प्रकार उत्तरदायी नहीं होकर ऐसा संव्यवहार या लेन-देन करने वाला संबंधित व्यक्ति/संस्था स्वयं ही उत्तरदायी होगा होगी और तत्संबंध में मुझे या मेरे बच्चों को परेशान करने की दशा में संबंधित के विरुद्ध योग्य वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सो सूचित हो।

इन्दौर, दिनांक 10.11.2026

भवदीय
पामिला नेमा पति श्री कमलेश कुमार नेमा
निवासी 602, जी-ब्लॉक, लीड्स एन्क्लेव, छोटा बांगडदा, इन्दौर